महापौर नीरज पाल के प्रयासों से बुजुर्ग दिव्यांग को मिली ट्राइसाइकिल की मदद तो वही श्रवण बधित युवक को मिला श्रवण यंत्र, अब बुजुर्ग को आने जाने में होगी आसानी, ट्राइसाइकिल से मिलेगी बड़ी राहत

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल के प्रयत्न से एक बुजुर्ग दिव्यांग व्यक्ति जो चलने में असहाय था उसे ट्राइसाइकिल मिल गया है जिसके चलते, उन्हें आने जाने में अब परेशानी नहीं होगी। दरअसल दिव्यांग बुजुर्ग बुधराम ने आज महापौर नीरज पाल से मिलकर तथा पत्र देकर ट्राइसाइकिल की मदद दिलाने के लिए गुहार लगाई थी , वहीं उसने बताया कि पैर टूट जाने के कारण कहीं भी आने-जाने में उसे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है , पेशे से बुजुर्ग ने मोची का कार्य करना बताया। बुजुर्ग ने महापौर को बताया कि ट्राइसाइकिल नहीं होने के चलते उसे अपने व्यवसाय में भी अड़चन आ रहा है मोची के अलावा आजीविका के साधन का उसके पास कोई जरिया भी नहीं है। उसने बताया कि एक ट्राइसाइकिल मिल जाने से उसके आने जाने की समस्या दूर हो जाएगी वही अच्छे से व्यवसाय भी कर पाएगा। इतना सुनते ही महापौर ने निगम के समाज कल्याण विभाग को बुजुर्गों की सहायता के लिए आवश्यक निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति को तत्काल ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराया गया। ट्राइसाइकिल मिलते ही बुजुर्ग व्यक्ति के खुशी का ठिकाना नहीं रहा, उन्होंने सहायता के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया। इधर एक श्रवण बधित युवक को महापौर ने श्रवण यंत्र भी प्रदान किया। इस दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।